सरकार की गन्ना मूल्य वृद्धि

[स्रोत: डाउन टू अर्थ](#)

हाल ही में केंद्र सरकार ने **गन्ने** के **उचित और लाभकारी मूल्य (FRP)** में 8% की वृद्धि की घोषणा की। वर्ष 2024-25 चीनी सीजन के लिये **340 रुपए प्रति क्विंटल** की संशोधित FRP 1 अक्तूबर, 2024 से प्रभावी होगी।

- केंद्र सरकार FRP की घोषणा करती है जो **कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP)** की सिफारिश पर निर्धारित की जाती है तथा **आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA)** द्वारा घोषित की जाती है।
  - **CCEA की अध्यक्षता भारत के प्रधानमंत्री करते हैं।**
  - FRP गन्ना उद्योग के पुनर्गठन पर **रंगराजन समिति की रिपोर्ट 2012** पर आधारित है।
- गन्ना लंबी, **बारहमासी घास की एक प्रजाति है जो मूलतः उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों** में पाई जाती है। इसकी खेती इसकी उच्च चीनी सामग्री के कारण की जाती है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से चीनी उत्पादन के लिये किया जाता है। लेकिन इसे इथेनॉल और जैव ईंधन जैसे विभिन्न अन्य उत्पादों में भी संसाधित किया जा सकता है।
  - **गन्ने की खेती के लिये अच्छी जल निकासी वाली भारी मिट्टी** को प्राथमिकता दी जाती है, हालाँकि यह सुनिश्चित सिंचाई के साथ मध्यम और हल्की बनावट वाली मिट्टी पर भी अच्छी तरह से उगती है।

और पढ़ें: उचित और लाभकारी मूल्य

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/government-s-sugarcane-price-hike